परिवार नियोजन में पुरुषों की प्रतिबद्धता: मुद्दे और आगे का रास्ता

- भारत और दुनिया भर में परिवार नियोजन (एफपी) कार्यक्रम परंपरागत तौर पर मुख्य रूप से महिलाओं पर केंद्रित हैं, हालांकि एफपी (परिवार नियोजन) के लिए पुरुषों और महिलाओं दोनों की ओर से प्रतिबद्धता की जरूरत है, न कि यह केवल महिला की जिम्मेदारी हो।
- स्वास्थ्य और कल्याण के निर्धारण में जेंडर समानता की भूमिका की अधिक समझ के साथ, अब राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम द्वारा पुरुषों को शामिल करने पर अधिक जोर दिया जा रहा है - अधिक जागरूक पुरुष के रूप में, सहायक जीवन-साथी के रूप में, और एफपी (परिवार नियोजन) सेवाओं और उत्पादों को उपयोग करने में।
- भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में हर साल नवंबर माह में पुरुष भागीदारी के लिए जागरूकता पैदा करने और पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के लिए 'नसबंदी पखवाड़े' का आयोजन, परिवार नियोजन कार्यक्रम की एक सकारात्मक पहल है।
- भारत में गर्भनिरोधक विकल्पों के समूह में उपलब्ध आठ विधियों में से दो, पुरुष-विशिष्ट एफपी (परिवार नियोजन) विधियां शामिल हैं, जैसे कि कंडोम और पुरुष नसबंदी।
- कई प्रयासों के बावजूद, एनएफएचएस (NFHS) राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के अनुसार पुरुष गर्भनिरोधक का उपयोग बेहद कम रहा है। महिला नलबंदी 67.08% के साथ अब भी इस्तेमाल की जाने वाली प्रमुख आधुनिक गर्भनिरोधक विधि बनी हुई है, जबकि पुरुष नसबंदी केवल 0.53%[i] है, इसके बावजूद कि यह प्रक्रिया सुरक्षित, तेज, आसान, और सबसे प्रभावी और विश्वसनीय पुरुष जन्म नियंत्रण विधि है ।
- हालांकि कंडोम का उपयोग 5.6% (एनएफएचएस-4, 2015-16) से बढ़कर 9.5% (एनएफएचएस-5, 2019-21) हो गया, लेकिन इसके प्रति समझ अब भी कम है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि 82% पुरुषों (15 से 49 वर्ष की आयु के) ने बताया कि लगातार कंडोम के उपयोग से एचआईवी/एड्स (HIV/AIDS) होने की संभावना कम हो सकती है।
- बहरहाल, पुरुष प्रतिबद्धता बढ़ाने के मामले में हमें कुछ जिलों की पहचान करने, उनसे सीखने और शायद उनके कुछ अच्छी प्रथाओं को अपनाने की भी आवश्यकता है:
    - हिमाचल प्रदेश राज्य के तीन जिले पुरुष नसबंदी के मामले में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं - चंबा में 18.4%, किन्नौर में 14.4% और लाहुल और स्पीति में 13.3% (एनएफएचएस-5) हैं[ii]।
    - महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले को देश[iii] में 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले' के रूप में आंका गया है, जहां 2015-16 से 2019-21[iv] के बीच पिछले 5 वर्षों में पुरुष नसबंदी 5.6% से बढ़कर 13% हो गई है, जो राज्य सरकार, ग्रामीण स्थानीय निकायों और नागरिक समाज संगठनों के संगठित प्रयासों के परिणाम दिखाता है ।

कंडोम के उपयोग और पुरुष नसबंदी के बारे में मिथकें और भ्रांतियां, जिसमें पौरुष की हानि भी शामिल हैं, पुरुष गर्भनिरोधक की स्वीकृति को जोखिम में डालती हैं। सामाजिक मानदंड और दृष्टिकोण जो एफपी (परिवार नियोजन) को महिलाओं की जिम्मेदारी मानते हैं, एक बड़ी बाधा हैं। नतीजतन, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को पुरुषों की बजाय महिलाओं के साथ जुड़ना आसान लगता है। इस प्रकार, पुरुष आमतौर पर परिवार नियोजन की चर्चा में भाग नहीं लेते और गर्भनिरोधक का उपयोग करने का बोझ मुख्य रूप से महिलाओं पर डाल दिया जाता है। इसका परिणाम यह है कि आधे से थोड़े कम, विवाहित या सहवास करने वाले पुरुष, (40.2%) सोचते हैं कि गर्भवती होने से बचने की जिम्मेदारी महिला की है[v]।

PEOPLE MATTER

Delhi
B-28, Qutab Institutional Area
PIN – 110016
T: +91-11-43894100

Jaipur
C-9, Shiv Marg, Shyam Nagar
PIN – 302019
T: +91-141-4104771

Lucknow
C-3, Nirala Nagar
PIN – 226020
T: +91-522-4005091

Patna
123 A, Patliputra Colony
PIN – 800013
T: +91-612-2270634

- एफपी (परिवार नियोजन) और स्वास्थ्य सेवाओं में भागीदारों के रूप में पुरुषों को शामिल करने पर चर्चा को गर्भनिरोधक के उपयोग से परे जाने की जरूरत है और इसका उद्देश्य निम्नलिखित क्षेत्रों में पुरुषों को शामिल करना होना चाहिए[vi]:
  - ग्राहक के रूप में पुरुष: एफपी (परिवार नियोजन) की जानकारी प्राप्त करने वाले और एफपी (परिवार नियोजन) विधियों का उपयोग करने वाले पुरुष ।
  - सहायक भागीदार के रूप में पुरुष: वे जो एफपी (परिवार नियोजन) के मुद्दों में भागीदारों के रूप में सक्रिय रूप से जुड़े हैं, और अपने जीवन-साथी के साथ प्रजनन से जुड़ी इच्छाओं और एफपी (परिवार नियोजन) के उपयोग के बारे में संवाद और बातचीत करते हैं।
  - बदलाव के एजेंट के रूप में पुरुष: जो महिलाओं और लड़कियों के प्रति सामाजिक मानदंडों, दृष्टिकोणों और व्यवहारों को बदलने में अगुआओं के रूप में कार्य करते हैं और महिलाओं और लड़कियों को परिवारों, समुदायों और समाजों में अपने उचित स्थान दिलाने पर कार्य करते हैं।
- पुरुषों में शुरुआत से ही निवेश करें और किशोरों के लिए साझा करने और सीखने के माध्यम प्रदान करें और उन्हें बनाए रखें। शिक्षा, पोषण, कौशल और प्रजनन स्वास्थ्य में सही निवेश यह सुनिश्चित करेगा कि युवा स्कूल की पढ़ाई पूरी करें, वित्तीय स्वतंत्रता हासिल करें, स्वस्थ व्यवहार प्रथाओं को अपनाएं और बच्चे के जन्म में देरी करें, गर्भधारण के समय और अंतराल से संबंधित निर्णयों में भाग लें और उनके कितने बच्चें होंगे यह खुद तय करें[vii]।
- गर्भनिरोधक के बारे में बातचीत में पुरुषों को शामिल करने से संबंधित बाधाओं को दूर करें। प्रणालीगत स्तर पर, जागरूकता निर्माण के लिए जिम्मेदार फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ता क्योंकि मुख्यता महिलाएं हैं, उनका संपर्क/वार्तालाप युवा पुरुषों से जिस स्तर पर होना चाहिए, नहीं हो पाता है। इसी प्रकार युवा पुरुष भी फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ता से बात करने में हिचकिचाते हैं । आयुष्मान भारत के स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों के तहत बहुउद्देश्यीय कार्यकर्ता-एमपीडब्ल्यू (Multi-Purpose Workers) (MPW) (पुरुष) काडर को सक्रिय रूप से शामिल करके, सरकार के पास पुरुषों के साथ जुड़ाव बढ़ाने के अवसर हैं। एमपीडब्ल्यू वर्तमान मानसिकता को बदलने और पुरुषों को एफपी (परिवार नियोजन) और प्रजनन स्वास्थ्य के लिए अधिक जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।
- यह आवश्यक है कि अगुआयें, विशेष रूप से पुरुष अगुआयें, जागरूक हों, मुखर हों और सफलता की कहानियों को बढ़ावा दें । हमें परिवार नियोजन चैंपियन के रूप में अधिक पुरुषों को आकर्षित करने, रोल मॉडल बनाने और एफपी (परिवार नियोजन) में पुरुष जुड़ाव पर बातचीत को सामान्य बनाने की आवश्यकता है। मिथकों को दूर करने के अलावा, दृष्टिकोण और सामाजिक और व्यवहारिक बदलाव लाने के लिए समाज में उन पुरुषों की पहचान महत्वपूर्ण है, जो नसबंदी को अपनाते हैं और इस विषय के बारे में मिथकों को कम करते हैं।
  - स्थानीय स्तर पर, हमें पंचायती राज नेताओं, जिला कलेक्टरों, खंड विकास अधिकारियों के साथ-साथ गैर सरकारी संगठनों (NGOs) और जमीनी स्तर के संगठनों को बातचीत बढ़ाने और एफपी (परिवार नियोजन) में पुरुष जुड़ाव के लिए सकारात्मक समर्थन बनाने के लिए शामिल करने की आवश्यकता है।

Delhi
B-28, Qutab Institutional Area
PIN – 110016
T: +91-11-43894100

Jaipur
C-9, Shiv Marg, Shyam Nagar
PIN – 302019
T: +91-141-4104771

Lucknow
C-3, Nirala Nagar
PIN – 226020
T: +91-522-4005091

Patna
123 A, Patliputra Colony
PIN – 800013
T: +91-612-2270634

- साक्ष्य बताते हैं कि पति-पत्नी के बीच संवाद[viii] को बढ़ाकर गर्भनिरोधक में पुरुष भागीदारी बढ़ाई जा सकती है। लिंग (जेंडर) संबंधी मानदंड पति-पत्नी के संवाद को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो एफपी (परिवार नियोजन) के बारे में निर्णय लेने को प्रभावित कर सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, पति-पत्नी के संवाद को बढ़ावा देने से अतिरिक्त लाभ मिल सकता है। पुरुष नसबंदी पखवाड़ों या विश्व जनसंख्या दिवस को सार्वजनिक रूप से मनाना भी सहायक होगा। हमें महिला सशक्तिकरण को बढ़ाने के लिए अपने प्रयासों पर ज़ोर देना और जारी रख्ना ज़रूरी है ही, परंतु आज पुरुषों को भी सशक्त बनाना समय की मांग है- एफपी (परिवार नियोजन) सहित प्रजनन स्वास्थ्य पर पुरुषों को शिक्षित करना ताकि वे अपने जीवन-साथी के साथ सूचित चर्चा कर सकें और एक सक्षम वातावरण बना सकें, जहां एफपी (परिवार नियोजन) के लिए निर्णय और जिम्मेदारी समान रूप से साझा की जाती हो।

रेफरेंस

[i] International Institute for Population Sciences (IIPS) and ICF. 2021. National Family Health Survey (NFHS-5), India, 2019-21. Mumbai: IIPS. http://rchiips.org/nfhs/NFHS-5_FCTS/India.pdf

[ii] International Institute for Population Sciences (IIPS) and ICF. 2021. National Family Health Survey (NFHS-5), India, 2019-21. Mumbai:

[3] Maharashtra steps up efforts: Gadchiroli leads in vasectomies https://indianexpress.com/article/cities/pune/maharashtra-gadchiroli-vasectomy- family-planning-5051749/

[4] International Institute for Population Sciences (IIPS) and ICF. 2021. National Family Health Survey (NFHS-5), India, 2019-21. Mumbai: IIPS. http://rchiips.org/nfhs/NFHS-5_FCTS/MH/Gadchiroli.pdf

[5] Levtov RG, Barker G, Contreras-Urbina M, Heilman B, Verma R. Pathways to gender-equitable men: Findings from the international men and gender equality survey in eight countries Men Masc. 2014;17:467–501. [Google Scholar]

[6] https://www.measureevaluation.org/prh/rh_indicators/mens-health/me/male-engagement-in-family-planning

[7]https://nhm.gov.in/images/pdf/programmes/family-planing/Campaing/Coffee_Table_Book.pdf

[8] Shattuck D, Kerner B, Gilles K, Hartmann M, Ng'ombe T, Guest G. Encouraging contraceptive uptake by motivating men to communicate about family planning: the Malawi Male Motivator project (American Journal of Public Health. 2011;101(6):1089-95. Epub 2011/04/16;
Hartmann M, Gilles K, Shattuck D, Kerner B, Guest G. Changes in couples' communication as a result of a male-involvement family planning intervention. Journal of Health 2012;17(7):802-19. Epub 2012/05/02.

PEOPLE MATTER

Delhi
B-28, Qutab Institutional Area
PIN – 110016
T: +91-11-43894100

Jaipur
C-9, Shiv Marg, Shyam Nagar
PIN – 302019
T: +91-141-4104771

Lucknow
C-3, Nirala Nagar
PIN – 226020
T: +91-522-4005091

Patna
123 A, Patliputra Colony
PIN – 800013
T: +91-612-2270634